## पाठ 3 -विभिन्न माध्यमों के लिए लेखन

प्रश्न 1. भारत में पहला छापाखाना कब और कहां खुला?

(क) 1556 , गोवा में

(ख) 1952 ,चीन में

(ग) 1557, जापान में

(घ) 1656 , भारत में

प्रश्न 2. मुद्रण का प्रारंभ किस देश में हुआ?

(क) भारत (ख) जापान (ग) इंग्लैंड (घ) चीन

प्रश्न 3.रेडियो कौन सा जनसंचार माध्यम है-

(क) दृश्य (ख) श्रव्य (ग) प्रिंट (घ) दृश्य और प्रिंट

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से जनसंचार माध्यम हैं-

(क) प्रिंट मीडिया (ख) टीवी व रेडियो (ग) इंटरनेट (घ) यह सभी

प्रश्न 5. किसी भी माध्यम के लेखन के लिए किसे ध्यान में रखना होता है?

(क) माध्यमों को (ख) लेखक को (ग) जनता को (घ) बाजार को

प्रश्न 6. जनसंचार के आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम कौन सा है-

(क) अखबार (ख) रेडियो (ग) टेलीविजन (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 7.मुद्रित माध्यमों की विशेषता है-

(क) छपे हुए शब्दों में स्थायित्व (ख) लिखित भाषा का विस्तार

(ग) चिंतन,विचार और विश्लेषण का माध्यम (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 8. रेडियो माध्यम है-

(क) दृश्य माध्यम (ख) श्रव्य माध्यम (ग) दृश्य-श्रव्य माध्यम (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 9. रेडियो समाचार बुलेटिन में कौन सी सुविधा उपलब्ध नहीं होती-

(क) समाचार को कभी भी और कहीं से भी नहीं सुन सकते

(ख) किसी कठिन शब्द के अर्थ को समाचार सुनने के दौरान नहीं ढूंढ सकते

(ग) क और ख दोनों सही हैं

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 10. मूलतः रेडियो और टीवी है-

(क) एक रेखीय माध्यम (ख) द्विरेखीय माध्यम

(ग) तीन रेखीय माध्यम (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 11. रेडियो समाचार की संरचना आधारित होती है-

(क) सीधा पिरामिड शैली पर (ख) उल्टा पिरामिड शैली (इंवर्टेड पिरामिड शैली) पर

(ग) समानांतर पिरामिड शैली पर (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 12. रेडियो समाचार कॉपी लेखन के लिए आवश्यक बुनियादी बातें हैं

(क) साफ-सुथरी और टाइप्ड कॉपी

(ख) समाचार कॉपी को कंप्यूटर पर ट्रिपल स्पेस में टाइप करना

(ग) समाचार कॉपी के दोनों ओर पर्याप्त हाशिया छोड़ना

(घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 13. प्रसारण के लिए तैयार की जा रही समाचार कॉपी को कंप्यूटर पर टाइप किया जाना चाहिए

(क) सिंगल स्पेस में (ख) डबल स्पेस में

(ग) ट्रिपल स्पेस में (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 14. रेडियो समाचार के लिए लिखी गई कॉपी में एक लाइन में कितने शब्द होने चाहिए

(क) 10-11 शब्द (ख) 12-13 शब्द

(ग) 13-14 शब्द (घ) 12-15 शब्द

प्रश्न 15. टेलीविजन माध्यम है

(क) दृश्य माध्यम (ख) श्रव्य माध्यम

(ग) दृश्य -श्रव्य माध्यम (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 16. टेलीविजन के लिए समाचार या आलेख(स्क्रिप्ट) लिखने की बुनियादी शर्त है

(क) शब्द पर्दे पर दिखने वाले दृश्य के अनुकूल हों अर्थात दृश्य के साथ लेखन

(ख) शब्दों को किसी भी तरह से लिखा जा सकता है

(ग) शब्द सुनने के अनुकूल होने चाहिए

(घ) शब्दों की दृश्य श्रव्य में अनुकूलता आवश्यक नहीं

प्रश्न 17. किसी बड़ी खबर को टीवी पर तात्कालिक रूप से किस रूप में दिखाया जाता है

(क) प्रमुख रूप में (ख) गौण रूप में

(ग) टीवी के परदे के निचले भाग पर (घ) ब्रेकिंग न्यूज़ के रूप में

प्रश्न 18. 'सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए शानदार प्रस्तुति देते यह बच्चे' इस तरह की खबर जनसंचार के किस माध्यम के लिए उपयुक्त है

(क) प्रिंट मीडिया (ख) टीवी

(ग) समाचार पत्र (घ) इंटरनेट

प्रश्न 19. टीवी के लिए खबर लिखते समय किस तरह की आवाजों का ध्यान रखना जरूरी है

(क) बाइट या कथन (ख) प्राकृतिक आवाजें (नेट साउंड)

(ग) क और ख दोनों (घ) शोर

प्रश्न 20. नेट साउंड किस माध्यम से संबंधित है

(क) इंटरनेट से (ख) टेलीविजन से

(ग) रेडियो से (घ) सिनेमा से

प्रश्न 21. रेडियो और टीवी समाचार की भाषा कैसी होनी चाहिए

(क) वाक्य छोटे,सीधे और स्पष्ट होने चाहिए

(ख) भाषा सरल ,प्रभावी व संप्रेषणीय होनी चाहिए

(ग) भाषा सभी को आसानी से समझ में आ सके और भाषा के स्तर और गरिमा के साथ कोई समझौता भी न करना पड़े

(घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 22. टीवी समाचार में किस तरह के शब्द सहज माने जाते हैं

(क) क्रय-विक्रय की जगह खरीद-बिक्री (ख) स्थानांतरण की जगह तबादला

(ग) पंक्ति की जगह कतार (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 23. इंटरनेट पत्रकारिता को कहा जाता है

(क) ऑनलाइन पत्रकारिता (ख) साइबर पत्रकारिता

(ग) वेब पत्रकारिता (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 24. इंटरनेट है -

(क) केवल एक औजार (ख) एक हार्डवेयर

(ग) एक सॉफ्टवेयर (घ) एक यांत्रिक उपकरण

प्रश्न 25. पत्रकारिता में इंटरनेट का कार्य है

(क) समाचारों का संकलन करना (ख) खबरों का सत्यापन करना

(ग) खबरों का पुष्टिकरण करना (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 26. टेलीप्रिंटर द्वारा एक सेकंड में कितने शब्द भेजें जा सकते हैं

(क) 56,000 (ख) 60,000

(ग) 70,000 (घ) 80,000

प्रश्न 27. विश्व स्तर पर इस समय इंटरनेट पत्रकारिता का कौन सा दौर चल रहा है

(क) पहला (ख) दूसरा (ग) तीसरा (घ) चौथा

प्रश्न 28. विश्व स्तर पर इंटरनेट का पहला दौर कब तक चला

(क) 1890 से 1982 तक (ख) 1982 से 1992 तक

(ग) 1994 से 1998 तक (घ) 1988 से 2000 तक

प्रश्न 29. समेकित माध्यम किसे कहते हैं

(क) टीवी को (ख) रेडियो को

(ग) इंटरनेट को (घ) उपर्युक्त सभी को

प्रश्न 30.विश्व स्तर पर इंटरनेट का दूसरा दौर कब तक चला

(क) 1982 से 1992 तक (ख) 1982 से 1993 तक

(ग) 1993 से 2001 तक (घ) 2001 से 2003 तक

प्रश्न 31. वास्तविक रूप में इंटरनेट पत्रकारिता की शुरुआत कब हुई

(क) 1890 से 1900 के बीच (ख) 1910 से 1920 के बीच

(ग) 1980 से 2000 के बीच (घ) 1983 से 2002 के बीच

प्रश्न 32.निम्न में से नयी वेब भाषा है

(क) इंटरनेट एक्सप्लोरर

(ख) नेटस्कैप

(ग) एचटीएमएल (हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज)

(घ) विंडोस

प्रश्न 33. ज्यादातर डॉट कॉम कंपनियों के बंद होने का क्या कारण था

(क) विषय सामग्री और पर्याप्त आर्थिक आधार का अभाव

(ख) विषय सामग्री का अभाव

(ग) पर्याप्त आर्थिक आधार का अभाव

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 34. भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का कौन सा दौर चल रहा है

(क) पहला (ख) दूसरा (ग) तीसरा (घ) चौथा

प्रश्न 35.भारत में दूसरा दौर कब से शुरू हुआ है

(क) वर्ष 1993 से (ख) वर्ष 2000 से

(ग) वर्ष 2003 से (घ) वर्ष 2007 से

प्रश्न 36. निम्न में से भारतीय इंटरनेट पत्रकारिता साइट है

(क) टाइम्स ऑफ इंडिया (ख) आउटलुक

(ग) आईबीएन (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 37.निम्न में से कौन सी साइट भुगतान के बाद ही देखी जा सकती है

(क) आउटलुक (ख) आज तक

(ग) ज़ी न्यूज़ (घ) इंडिया टुडे

प्रश्न 38. भारत की पहली साइट किसे कहा जा सकता है

(क) ट्रिब्यून को (ख) हिंदू को

(ग) आउटलुक को (घ) रीडिफ को

प्रश्न 39. वेबसाइट पर विशुद्ध पत्रकारिता शुरू करने का श्रेय किसे जाता है

(क) रीडिफ डॉटकॉम को (ख) इंडियाइन्फोलाइन को

(ग) सीफी को (घ) तहलका डॉटकॉम को

प्रश्न 40. हिंदी में नेट पत्रकारिता का आरंभ हुआ

(क) भास्कर से (ख) जागरण से

(ग) वेब दुनिया से (घ) प्रभासाक्षी से

प्रश्न 41. निम्न में से कौन सा अखबार प्रिंट रूप में ना होकर केवल इंटरनेट पर ही उपलब्ध है

(क) जागरण (ख) हिंदुस्तान

(ग) प्रभात खबर (घ) प्रभासाक्षी

प्रश्न 42. आज पत्रकारिता के लिहाज से हिंदी की सर्वश्रेष्ठ साइट कौनसी है

(क) वेब दुनिया (ख) बीबीसी

(ग) तहलका डॉटकॉम (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 43. सर्वाधिक खर्चीला जनसंचार माध्यम कौनसा है

(क) रेडियो (ख) टेलीविजन (ग) इंटरनेट (घ) समाचार पत्र

प्रश्न 44. कौन सा जनसंचार माध्यम निरक्षर व्यक्ति के लिए उपयोगी नहीं है

(क) समाचार पत्र (ख) पत्रिकाएं

(ग) क व ख दोनों सही हैं (घ) क व ख दोनों गलत है

प्रश्न 45. छापेखाने के आविष्कार का श्रेय किसे दिया जाता है

(क) गुटेनबर्ग को (ख) चनमैन को

(ग) जॉनसन को (घ) निहाल सिंह को

प्रश्न 46. समाचार में एंकर बाइट का क्या महत्व है

(क) समाचार दिखाई देता है (ख) एंकर बाइट का कोई महत्व नहीं

(ग) समाचार को प्रामाणिकता प्रदान की जाती है (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 47. ब्रेकिंग न्यूज़ है

(क) दो दिन पहले का समाचार

(ख) सबसे पहले कोई बड़ी खबर कम से कम शब्दों में महज सूचना के रूप में दी जाए

(ग) दृश्यों के साथ बताया जाने वाला समाचार

(घ) टुकड़ों में दिए गए समाचार

प्रश्न 48. दृश्यों का किस माध्यम में अधिक महत्व होता है

(क) समाचार पत्र (ख) इंटरनेट (ग) दूरदर्शन (घ) रेडियो

प्रश्न 49. ड्राई एंकर खबर को किस प्रकार बताता है

(क) संवाददाता से बात करके बताता है (ख) दृश्य के साथ बताता है

(ग) सीधे-सीधे बताता है (घ) सीधा प्रसारण होता है

प्रश्न 50. क्रिकेट मैच का प्रसारण किस प्रकार का प्रसारण है

(क) एंकर-पैकेज (ख) एंकर-बाइट (ग) सीधा प्रसारण (घ) एंकर-विजुअल

प्रश्न 51. रेडियो समाचार कॉपी में तिथियों को लिखना चाहिए

(क) अगस्त 15,1950 (ख) अगस्त 15,उन्नीस सौ पचास

(ग) 15 अगस्त, 1950 (घ) 15 अगस्त, उन्नीस सौ पचास

प्रश्न 52. विभिन्न जनसंचार माध्यमों में क्या अंतर है

(क) अलग समाचार (ख) एक लेखन शैली

(ग) उनकी लेखन शैली (घ) अलग-अलग तथ्य

प्रश्न 53. भारत में हर साल इंटरनेट कनेक्शन की संख्या कितनी बढ़ती है

(क) 50 से 55% (ख) 20 से 30%

(ग) 40 से 50% (घ) 45 से 50%

प्रश्न 54. रिसर्च का काम किसकी वजह से और आसान हो गया है

(क) इंटरनेट (ख) जनसंचार माध्यम

(ग) टेलीविजन (घ) पत्रकारिता

| उत्तरमाला (पाठ 3 -विभिन्न माध्यमों के लिए लेखन) |
|---|
| उत्तर- 1.(क) 2.(घ) 3.(ख) 4. (घ) 5.(क) 6.(क) 7.(घ)<br>8.(ख) 9.(ग) 10.(क) 11.(ख) 12.(घ) 13.(ग)<br>14.(ख) 15.(ग) 16.(क) 17.(घ) 18.(ख) 19.(ग) 20.(ख) 21.(घ) 22.(घ) 23.(घ) 24.(क) 25.(घ) 26.(ग) 27.(ग) 28.(ख) 29.(ग) 30.(ग) 31.(घ) 32.(ग) 33.(क) 34.(ख) 35.(ग) 36.(घ) 37.(घ) 38.(घ) 39.(घ) 40.(ग) 41.(घ) 42.(ख) 43.(ग) 44.(ग) 45.(क)<br>46.(ग) 47.(ख) 48.(ग) 49.(ग) 50.(ग) 51.(घ) 52.(ग) 53.(क) 54.(क) |

*****************************************************************************************************